www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhaba www.kheldhaba.com

खेल ढाबा

पटना, गुरुवार, 22 मई, 2025 वर्ष-1 ।। अंक-1 ।। पृष्ठ-2 ।।

डिजिटल समाचार

पीयूष का हरफनमौला प्रदर्शन पेज-02 शूटर कनक को स्वर्ण पदक पेज-02 भोजपुर के मोहित कुमार ने मोहा मन पेज-02

पटना मंगलवार

हो सकती है भारत-पाक क्रिकेट के भविष्य पर चर्चा

नई दिल्ली, 21 मई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वार्षिक गागेलन के दौरान खेल की संचालन संस्था की प्रतियोगिताओं में भारत-पाक क्रिकेट के भविष्य पर चर्चा होने की संभावना है जो 17 से 20 जुलाई तक सिंगापुर में होगी। दोनों देश केवल उन्हीं प्रतियोगिताओं में ही एक-दूसरे के साथ खेलते हैं जिसमें कई टीमें खेलती हैं। लेकिन हाल में हुए सैन्य संघर्ष ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में दोनों के बीच मुकाबले के भविष्य को लेकर अटकले लगाई जा रही हैं जिसकी शुरूआत अगले साल भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप से होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, ''यह मुद्दा वार्षिक सम्मेलन में चर्चा के लिए आना तय है। हालांकि भारत और पाकिस्तान के आईसीसी नॉकआउट में नहीं खेलने की संभावना कम है, लेकिन उन्हें एक ही ग्रुप में नहीं रखना आईसीसी प्रतियोगिताओं में आम बात रही है और इसकी ही संभावना है।

नागल फ्रेंच ओपन क्वालीफाइंग से बाहर

पेरिस, 21 मई। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन एकल क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। नागल (170वीं रैंकिंग) रोलां गैरां में 225वीं रैंकिंग के ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी से एक घंटे 29 मिनट में पराजित हो गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में अमेरिका के मिशेल क्रुगर को हराया था। नागल ने 2024 में चारों ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था लेकिन इस साल अब वह फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में नहीं खेल पाएंगे। पहला सेट हारने के बाद वह दूसरे में 2-4 से पिछड़ रहे थे। पर सातवें गेम में उन्हें वापसी का मौका मिला और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाया।

युकी-गैलोवे की जोड़ी जिनेवा ओपन से बाहर

जिनेवा, 21 मई। भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के गॅबरॅ गैलोवे की दूसरी वरीय जोड़ी को बुधवार को यहां जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जैकब श्नेटर और मार्क वॉलनर की जर्मनी की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत और अमेरिका की जोड़ी को 5,96,035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ 6-7 4-6 से हार झेलनी पड़ी है। क्ले कोर्ट के ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन से पहले यह आखिरी प्रतियोगिता है। युकी और गैलोवे को इस प्रदर्शन के लिए कुल 3,240 यूरो की इनामी राशि मिली लेकिन पहले दौर में हार के कारण उन्हें कोई एटीपी अंक नहीं मिले। पिछले हफ्ते युकी और गैलोवे की जोड़ी बोरडोक्स चैलेंजर में उप विजेता रही थी।

वीमेंस महिला खो-खो प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 11 जून से वैशाली में

पटना, 21 मई (खेलढाबा)। खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में बिहार महिला खो-खो प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन वैशाली जिला के महुआ के वाईएनआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में आगामी 11 से 15 जून तक किया जायेगा।

बिहार में खो-खो हो रहा पोपुलर

यह जानकारी देते हुए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि हाल के वर्षों में पारंपरिक भारतीय खेल खो-खो बिहार में काफी पोपुलर हुआ है। इस खेल के प्रति बालिका खिलाड़ियों का रुझान काफी बढ़ा है। इस रुझान को गति देने के लिए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार ने बिहार महिला खो-खो प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन को कराने का निर्णय लिया और इसे आगे जारी रखने पर मुहर लगाया।

खिलाड़ियों पर होगी इनामों की बारिश

उन्होंने बताया कि पहले सीजन का आयोजन मसौढ़ी में सफलता पूर्वक किया गया था और दूसरे संस्करण का आयोजन महुआ में किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और खो-खो प्रेमियों की डिमांड पर दूसरे सीजन में विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार के अलावा अनेकों पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दिन इस लीग के खिलाड़ियों की सेलेक्शन प्रक्रिया पूरा हो चुकी है। इस लीग में कुल 10 टीमें खेलेंगी और हर टीम में 15-15 प्लेयर होंगे। टीमों को दो ग्रुपों में बांटा जायेगा। एक टीम को कम से कम 4 मैच खेलने का मौका मिलेगा। दोनों ग्रुपों से टॉप 2 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

अध्यक्ष संजीत कुमार होंगे आयोजन

उन्होंने कहा कि वैशाली जिला मुखिया संघ के सचिव संजीत कुमार गया है। सफल आयोजन के लिए जल्द ही विभिन्न कमेटियों का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गुकाबले गैट पर खेले जायेंगे। साथ ही मैच डे-नाइट होगा। खिलाड़ियों को 11 जून को आयोजन स्थल पर सुबह 10 बजे रिपोर्ट करना होगा। खिलाड़ियों के आवासन व भोजन की व्यवस्था आयोजन स्थल परिसर में होगी। नीरज कुमार पप्पू ने कहा कि इस लीग से प्रतिभावान खिलाड़ियों का भी सेलेक्शन किया जायेगा और उन्हें बिहार की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा।

वैशाली जिला के खेल प्रेमी हैं काफी खुश

आयोजन अध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार ने हमें एक बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। इस जिम्मेवारी का वैशाली के खेल प्रेमी बेहतर तरीके से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि वैशाली की धरती पर खेल का विकास हो। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर महुआ समेत पूरे वैशाली के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। सबों को इसके शुरू होने का इंतजार है।

खो-खो के विकास में एक और कदम

आयोजन समिति के सचिव अमित कुमार ने कहा कि यह आयोजन बिहार में खो-खो के विकास में एक कड़ी का काम करेगी। उन्होंने कहा कि महुआ जैसे जगह में इतने बड़े आयोजन का होना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की हर सुख-सुविधा का ख्याल आयोजन समिति के द्वारा रखा जायेगा।

टूटा दिल्ली का दिल, मुंबई प्ले ऑफ में

मुंबई, 21 मई। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स के दिल को तोड़ते हुए आईपीएल 2025 के प्ले ऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (नाबाद 73 रन) के अर्धशतक के बाद मिचेल सैंटनर और जसप्रीत बुमराह के तीन-तीन विकेट की बदौलत बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिट्स को 59 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बन गई।

इन टीमों ने किया है क्वालिफाई

गुजरात टाइटन्स (18), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17), पंजाब किंग्स (17) पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी। मुंबई इंडियंस के इस जीत से 16 अंक हो गए जिससे उसने 11वीं बार नॉकआउट के लिए क्वालिफाई किया। दिल्ली कैपिटल्स (13) की टीम बाहर हो गई।

सूर्यकुमार का अर्धशतक

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार के अर्धशतक और अंत में नमन धीर (नाबाद 24 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 21 गेंद में उनकी नाबाद 57 रन की साझेदारी से धीमी पिच पर पांच विकेट पर 180 रन बनाने में सफल रही।

सैंटनर की शानदार गेंदबाजी

दिल्ली कैपिटल्स ने पारयरले में 49 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवा दिए थे और पूरी टीम 18.2 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। मुंबई इंडियंस के लिए स्पिनर सैंटनर ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन जबकि तेज गेंदबाज बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, विल जैक्स और कर्ण शर्मा ने एक-एक विकेट प्राप्त किए।

आईपीएल 2025

दिल्ली के तीन विकेट जल्दी गिरे

दिल्ली ने दूसरे ओवर में कार्यवाहक कप्तान फाफ डुप्लेसी (6), तीसरे ओवर में केएल राहुल (11 रन) और पांचवें ओवर में अभिषेक पोरेल (6) के विकेट सस्ते में गंवा दिए। फिर समीर रिज्वी (39) एक छोर पर टिककर खेले लेकिन दूसरे छोर पर विपज निगम (20) और ट्रिस्टन स्टब्स (02) के आउट होने से टीम ने 10 ओवर में पांच विकेट खो दिए थे। 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर समीर भी पवेलियन लौट गए जिन्हें सैंटनर ने बोल्ड किया और दो गेंद बाद आशुतोष शर्मा (18 रन) भी स्टंप आउट हो गए।

तिलक वर्मा ने बनाये 27 रन

इससे पहले सूर्यकुमार ने 43 गेंद की बेहतरीन नाबाद पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। उनके अलावा तिलक वर्मा ने 27 रन और रेयान रिकलटन ने 25 रन का योगदान दिया। नमन ने अंत में आठ गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के से नाबाद 24 रन का योगदान दिया।

नहीं चल पाये दिल्ली के गेंदबाज

वानखेड़े स्टेडियम की असामान्य पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न था। दिल्ली कैपिटल्स के लिए स्पिनरों में कुलदीप यादव ने 25 रन देकर एक विकेट झटका जबकि विप्रज निगम ने 25 रन दिए और कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए। मुकेश कुमार ने दो विकेट चटकाए।

गुंबई के लिए दो बड़ी साझेदारियां

सूर्यकुमार ने अपनी टीम के लिए दो अहम साझेदारियां करके लड़खड़ाती पारी को संभाया। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनरों के दबदबे के बावजूद सूर्यकुमार ने पहले तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन जोड़े और अंत में नमन के साथ 21 गेंद में पर 57 रन बनाए।

आखिरी दो ओवर में स्थिति बदली

आखिरी दो ओवरों में स्थिति पूरी तरह बदल गई जब भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार और नमन ने पांच छक्के और चार चौके लगाकर 48 रन जुटाए।

एक समय ऐसा लग रहा था कि मुंबई के बल्लेबाजों को रन जुगाने में बहुत मुश्किल हो रही है। खिलाड़ी पावरप्ले के अंत से लेकर 18वें ओवर के शुरू तक संघर्ष करते रहे।

रोहित शर्मा सस्ते में आउट

रोहित शर्मा (05) इस सत्र में चौथी बार जाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (30 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर आउट हुए।

सूर्यकुमार को मिला जीवनदान

सूर्यकुमार जब छह रन पर थे, उन्हें जीवनदान मिला। सातवें ओवर में कुलदीप की गेंद पर शॉर्ट लेग पर मुकेश कुमार डाइव करने के बावजूद कैच लेने में असफल रहे। लेकिन अगली गेंद पर रेयान रिकलटन डीप स्क्वायर लेग पर माधव तिवारी को सीधा कैच दे बैठे जिसके साथ कुलदीप ने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। तिलक अपनी पारी के दौरान कुलदीप के खिलाफ संघर्ष करते दिखे, जब उनकी टीम को जरूरत थी तब वह रन बनाने में विफल रहे। तिलक गलत टाइमिंग की वजह से मुकेश का शिकार बने और तुरंत जाव हार्दिक पांड्या (3) भी आउट हो गए जिन्हें दुष्मंथा चामिरा (54 रन देकर एक विकेट) की धीमी लेग-कटर ने आउट कर दिया। तिलक की तरह सूर्यकुमार भी दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे लेकिन उन्होंने अंत में मौके का फायदा उठाया और इस सत्र की अपनी सबसे बेहतरीन पारी खेली।

आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

डबलिन, 21 मई। आयरलैंड ने बुधवार, 21 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में वेस्टइंडीज पर ऐतिहासिक 124 रनों की जीत दर्ज की। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में जीत 304 के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 34.1 ओवर में 179 पर ही ढेर हो गई। यह वनडे क्रिकेट में वेस्टइंडीज पर आयरलैंड की लगातार तीसरी जीत थी। वैसे कुल मिलाकर आयरलैंड ने वेस्टइंडीज पर अपनी चौथी जीत दर्ज की। आयरलैंड की टीम ने एंडी बालबर्नी के शतक और गेंदबाजी इकाई के सामूहिक प्रयास की बदौलत ये बड़ी जीत दर्ज की। 304 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने पारी की शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और उनके 31 के स्कोर पर ही 5 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए। उसके बाद जस्टिन ग्रीव्स (17 गेंदों पर 35 रन), रोस्टन चेज (76 गेंदों पर 55 रन) और मैथ्यू फोर्ड (48 गेंदों पर 38 रन) ने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थी। आयरलैंड

की ओर से मकार्थी ने 4 जबकि डॉक्रिल ने 3 विकेट लिए। इससे पहले मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (54) और एंडी बालबर्नी (112) ने पहले विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की। इसके बाद बल्लेबाजो ने रन बनाने की गति को जारी रखा और टीम ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया। हैरी टेक्टर ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 56 रन बनाए, मैथ्यू फोर्ड और अल्जारी जोसेफ ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए।

बढ़ते कदम खेल अवसंरचना का विकास राज्य की प्राथमिकता : बी राजेंदर

बिहार के 252 प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम तैयार

पटना, 21 मई (खेलढाबा)। खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेंदर ने बुधवार को राज्य के सभी जिला खेल पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राज्य में खेल अवसंरचनाओं के विकास और खेल गतिविधियों के विस्तार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

122 प्रखंड में निर्माण कार्य अंतिम चरण में

बिहार के 534 प्रखंड में से 252 में आउटडोर स्टेडियम पूरी तरह तैयार हैं और उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। 122 प्रखंड में स्टेडियम निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जबकि 160 ब्लॉकों में यह कार्य प्रगति पर है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन प्रखंड में स्टेडियम तैयार हो चुके हैं, वहां नागरिकों और स्कूल के छात्रों द्वारा इनका सक्रिय उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि खेल संस्कृति का विस्तार हो सके।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर आउटडोर स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को खेल के लिए बेहतर अवसर मिल सकें।

स्टेडियम निर्माण कार्य की करें निगरानी

बैठक में जिला खेल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने क्षेत्रों के ब्लॉकों का दौरा करें और स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रगति की स्वयं निगरानी करें। इसके साथ ही, उन्हें स्थानीय नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और स्कूलों के साथ संवाद स्थापित कर आउटडोर स्टेडियम के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। अपर मुख्य सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि स्टेडियम केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि वहां छात्र और स्थानीय निवासी नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लें।

कटिहार, पूर्णिया व बक्सर की प्रशंसा

इस बैठक में कटिहार, पूर्णिया और बक्सर के जिला खेल पदाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों के सफल संचालन और सक्रिय भूमिका के लिए अपर मुख्य सचिव ने विशेष रूप से सराहना की। अन्य जिलों के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे राज्य में खेल अधोसंरचना के विकास और खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए पूरी तत्परता और सक्रियता से कार्य करें।

पटना मंगलवार

प्रणय और आयुष दूसरे दौर में, सिंधू बाहर

कुआलालंपुर, 21 मई। भारत के एन.एस. प्रणय, सतीश करूणाकरन और आयुष शेट्टी ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। हालांकिदो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधू का खराब फॉर्म इस टूर्नामेंट में भी जारी रहा और वह पहले ही दौर में बाहर हो गई। एनएसप्रणय ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोतो को कड़े मुकाबले में 19 21, 21 17, 21 16 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। सतीश करूणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को सीधे गेमों में 21–13, 21–14 से पराजित कर बड़ा उलटफेर किया।

इंग्लैंड बनाम जिम्बाब्वे टेस्ट मैच आज से

नॉटिंघम, 21 मई। जिम्बाब्वे 22 साल के लंबे अंतराल के बाद इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट मैच खेलेगा, जब वह 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में सेन स्टोक्स की टीम से एकमात्र मैच खेलेगा। इंग्लैंड नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्रकी शुरुआत शानदार तरीके से करना चाहेगा, जबकि जिम्बाब्वे हाल ही में बांग्लादेश में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जीत के साथ इंग्लैंड में वापसी का जश्न मनाने की उम्मीद करेगा। जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2003 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम ने 2–0 से जीत दर्ज की थी। इससे पहले, दोनों टीमें 2000 (इंग्लैंड ने 1–0 से जीत दर्ज की) और 1996–97 में रेड–बॉल फॉर्मेट में भिड़ी थी, जहां सीरीज ड्रॉ रही थी।

रांची : वुशू ग्रीष्मकालीन शिविर 2025 आज से

रांची, 21 मई। झारखंड वुशू एसोसिएशन राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर 22 मई से 12 जून 2025 तक निःशुल्क वुशु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा। सभी के लिए वुशु: स्वस्थ झारखंड थीम पर आधारित यह शिविर 8–25 वर्ष आयु के युवाओं के लिए होगा। इसकी जानकारी देते हुए झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि इस गर्मी की छुट्टियों के सदुपयोग के लिए निःशुल्क वुशु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा. इन विभिन्न प्रशिक्षण शिविरो के दौयान वुशु खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में तैयारी, आत्मरक्षा तकनीको और फिजिकल फिटनेस का गहन अभ्यास कराया जाएगा। राँची में इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मोराबादी वुशु हॉल में पूर्ण रूप से निशुल्क होगा। वहाँ पर वुशु कोच दीपक के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र प्रमाण कोयन जाएगा।

भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर रमिथ रामबुकवेला गिरफ्तार

कोलंबो, 21 मई। श्रीलंका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रमिथ रामबुकवेला को बुधवार को भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने उनके राजनेता पिता से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया। रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोगी की जांच करने वाले आयोग (सीआईएबीओसी) ने रमिथ को बुधवार सुबह अपने समक्ष पेश होने के लिए बुलाया था। आयोग के समक्ष बयान दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने उन्हें तीन जून तक रिमांड पर भेज दिया।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना गई

बेंगलुरु, 21 मई। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम सुभनार को चार देशों के टूर्नामेंट के लिये अर्जेंटीना रवाना हो गई जहां रोसारियो में 25 मई से दो जून तक यह टूर्नामेंट खेला जायेगा। इस साल चिली में एफआईएच जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरूग्वे और चिली की टीमें खेलेंगी।

भोजपुर के मोहित कुमार ने मोहा मन

रणधीर वर्मा मेंस अंडर- 19 वनडे ट्रॉफी

- सीतामढ़ी को हरा भोजपुर की टीम सेमीफाइनल में
- सीतामढ़ी के मोहम्मद आलम का पचासा बेकार

पटना, 21 मई (खेलढाबा)। सीतामढ़ी को 3 विकेट से हरा कर भोजपुर ने रणधीर वर्मा मेंस अंडर–19 वनडे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भोजपुर के मोहित कुमार ने पांच विकेट चटका कर सबों का मन मोह लिया।

स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए तीसरे क्वार्टरफाइनल में सीतामढ़ी ने पहले खेलते हुए 27.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रन बनाये। जवाब में भोजपुर की टीग 43.3 ओवर में 7 विकेट पर 137 रन बना मैच अपने नाम कर लिया। सीतामढ़ी की टीम मिथिला जोन और भोजपुर की टीम शाहाबाद जोन से चैंपियन होकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी।

तीसरे क्वार्टरफाइनल में टॉस भोजपुर ने जीता और सीतामढ़ी को बैटिंग का न्योता दिया। सीतामढ़ी ने पहले बैटिंग करते हुए मोहम्मद आलम के 56 रन की बदौलत 27.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रन बनाये। भोजपुर की टीम की ओर से मोहित कुमार ने 5 विकेट चटकाये।

जवाब में भोजपुर की टीम 43.3 ओवर में 7 विकेट पर 137 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। शिवम सिंह ने 35, रिषभ पांडेय ने 26 रन बनाये। सीतामढ़ी की ओर से आयुष कुमार ने 3 और आलोक सिंह ने 3 विकेट चटकाये। मोहित कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

सीतामढ़ी : 27.2 ओवर में 135 रन पर ऑल आउट, उत्कर्ष पाठक 14, मोहम्मद आलम 56,अक्षत गुप्ता 10, आलोक सिंह 11, अतिरिक्त 19, अर्पित परन्पय 2/38,शिवम सिंह 1/15, मोहित कुमार 5/35, हिमांशु सिंह 1/40, शिवम सिंह 1/2

भोजपुर : 43.3 ओवर में 7 विकेट पर 137 रन, रितविज सिंह 15,अर्जुन सिंह 11, रिषभ पांडेय 26, शिवम सिंह 35, शिवम सिंह नाबाद 12,अतिरिक्त 27, वैभव मिश्रा 1/16,आयुष कुमार 3/29, आलोक सिंह 3/19

कनक को जूनियर विश्व कप में एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, 21 मई। हरियाणा की उभरती हुई निशानेबाज कनक ने बुधवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शीर्ष पर रहकर भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला। पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 17 वर्षीय कनक ने आठ महिलाओं के 24 शॉट के फाइनल में 239.0 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपियन तथा मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मोल्दोवा की अन्ना डुल्स को 1.7 अंक से पछाड़ा। चीनी ताइपे की चेन येन–चिंग ने कांस्य पदक जीता। भारत की दो भारतीय निशानेबाजों ने इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें प्रायी 571 अंक जुटाकर कनक (572 अंक) के पीछे पांचवें स्थान पर रही। इसके बाद कनक ने इस स्तर पर अपना अनुभव दिखाया और फाइनल के अंतिम चरण कई मौकों पर 10 से अधिक अंक जुटाकर आसानी से जीत हासिल की प्रैन के बाद कनक ने कहा, ''शुरुआत में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाई। प्राची फाइनल में शुरुआत से ही शीर्ष तीन में बनी हुई थी और पदक की दावेदार दिख रही थी।

पेसू के पीयूष का हरफनमौला प्रदर्शन

पीडीसीए सीनियर डिवीजन क्रिकेट

- खेली 92 रन की पारी, 3 विकेट भी चटकाये
- पंचशील सीसी को 5 विकेट से किया पराजित

पटना, 21 मई (खेलढाबा)। पेसू के पीयूष कुमार सिंह पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में शतक बनाने से चूक गए पर टीम नहीं चूकी और पंचशील सीसी को पांच विकेट से पराजित किया। शतक से चूके पीयूष कुमार सिंह ने गेंदबाजी में कमाल किया और तीन विकेट चटकाये।

राहुल राठौर को मिले चार विकेट

जेनेक्स क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस पेसू ने जीता और पंचशील सीसी को बैटिंग का न्योता दिया। पंचशील सीसी ने पहले बैटिंग करते हुए लक्ष्य के 68 रन की मदद से 38.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 193 रन बनाये। संदीप कुमार ने 34 रन की पारी खेली। पेसू की ओर से राहुल राठौर ने 4 जबकि पीयूष कुमार सिंह ने 3 विकेट चटकाये।



जवाब में पेसू ने 34 ओवर में पांच विकेट पर 195 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। पीयूष कुमार सिंह ने 54 गेंद में नौ चौका व 7 छक्का की मदद से 92 रन बनाये। संदीप कुमार ने 2 विकेट चटकाये। विजेता टीम के पीयूष कुमार सिंह (92 रन, 3 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

संक्षिप्त स्कोर

पंचशील सीसी : 38.2 ओवर में 193 रन पर ऑल आउट लक्ष्य 68,बिट्टू कुमार 30, संदीप कुमार 34, आदित्य कुमार 13, अतिरिक्त 13, शुभम 1/18, हर्ष राज 1/35, राहुल राठौर 4/52, पीयूष कुमार सिंह 3/28, धीरज कुमार 1/31

पेसू : 34 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन. पीयूष कुमार सिंह 92.राजेश कुमार सिन्हा 21.आफाश 24. सुधांशु कुमार 18, अतिरिक्त 17. शिवम 2/48, आदित्य कुमार 1/24, संदीप कुमार 2/25

बीसीए अंडर-15 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 27 मई से

पटना, 21 मई (खेलढाबा)। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने इस सत्र में होने वाले महिला क्रिकेट टूर्नामेंटों की शुरुआत की घोषणा कर दी है। शुरुआत अंडर-15 टूर्नामेंट से होगी। इसके लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने आगामी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित की है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा डाली गई सूचना के अनुसार टूर्नामेंट 27 मई से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। चार टीमें आपस में खेलेंगी। सूचना में कहा गया है कि जिन प्लेयरों का नाम लिस्ट में है वह अपने जिला संघ को पंजीयन फॉर्म सौंप दें। इसके अलावा डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट, पिछले तीन साल का स्कूल सर्टिफिकेट, स्कूल द्वारा बनाये जोनाफाइड सर्टिफिकेट, आधार कार्ड और पैन कार्ड को भी देना होगा। विशेष जानकारी के लिए बीसीए के क्रिकेट मैनेजर एके चंदन से बात कर सकते हैं।

टीम लिस्ट इस प्रकार है

टीम लीजेंड्स : तेजस्विनी (बक्सर, कप्तान), अदिति राय (गया), अनेघा सिंह (समस्तीपुर), पूर्वशी आनंद (मुजफ्फरपुर), संस्कृति कुमारी (सीतामढ़ी), शांभवी सिंह (पटना), सोनाली कुमारी (रोहतास), केहकंशा मंजुर (गोपालगंज), निशू कुमारी (पटना), वांन्ती कुमारी (गोपालगंज), आराध्या प्रियदर्शनी (पटना), हानिया हुमारिया (पूर्वी चंपारण), स्वीटी कुमारी (गया), अराध्या सिंह (पटना)।

टीम ड्रीम ड्राइवर्स : अनुष्का कुशवाहा (कप्तान, गोपालगंज), एनम जमाल (सीवान), साक्षी यादव (बेगूसराय), शिवानी कुमारी (गया), सृष्टि कुमारी (औरंगाबाद), रीया चौधरी (पटना), नीतू कुमारी (गया), सानवी सिन्हा (पटना), नैना गुप्ता (पटना). साक्षी कुमारी (मुजफ्फरपुर), सौम्या कुमारी (गोपालगंज), राज नंदनी (गया), अनु कुमारी (पैशाली), अनन्या पांडेय (पटना), सिद्धि कुमारी (पटना)।

टीम मिनि गावेरियस : प्रिया राज (नवादा), आकांक्षा कुमारी (भोजपुर), सूर्यवंशी राज (पटना), आदिश्री अग्रवाल (मुजफ्फरपुर), सुमेश चौधरी (पटना), रानी खातून (पूर्वी चंपारण), श्रेयसी (पटना), पायल कुमारी (पूर्णिया), अनुष्का मिश्रा (लखीसराय), अराध्या आनंद (कप्तान, मुजफ्फरपुर), अंशु कुमारी (जमुई), खुशी कुमारी (पटना), अंशिमा पॉल (शिवहर), सान्या राज गुप्ता (पटना), सनम कुमारी (पटना)।

टीम ब्राइट ब्लास्टर्स : सुष्मा सुमन (कप्तान, बेगूसराय), कृतिका कनक (पटना), श्वेता कुमारी (पश्चिमी चंपारण), जायश्री दीक्षन (जमुई), अनु सिंह कुशवाहा (सीवान), आकृति रौशन (मधुबनी), अहाना राज आनंद (पटना), अराध्या यादव (पटना). साक्षी राज चौधरी (पटना). वैष्णवी सिंह (पटना). महिमा शेखर (पटना),पायस परश्पय (बपसर) , खुशबू यादव (कैमूर), मिताली राज (गया)।

एके सीए, वाईसीसी, टर्फ एरिना और बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी विजयी

पटना, 21 मई (खेलढाबा)। सरदार पटेल स्मोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे सरदार पटेल स्कूल क्रिकेट फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित कासा पिकोला कप अंडर–12 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैचों में एके क्रिकेट एकेडमी जूनियर, वाईसीसी, टर्फ एरिना जूनियर और बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। एके क्रिकेट एकेडमी जूनियर ने एसपीसीए जूनियर को 63 रन, वाईसीसी ने दीन दयाल क्रिकेट एकेडमी को 45 रन, टर्फ एरिना जूनियर ने एसकेपी जूनियरको 25 रन और बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी ने एसपीएस सीसीसी को 8 विकेट से हराया।

आदित्य प्लेयर ऑफ द मैच

कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में एके क्रिकेट एकेडमी जूनियर ने टॉस हार कर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाये। जवाब में एसपीसीए जूनियर इलेवन की टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 89 रन बनाने और मैच गंवा दिया। विजेता टीम के आदित्य यादव (8 रन, 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

एके क्रिकेट एकेडमी जूनियर : 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन, आर्यन 24, आफिय 17, प्रिंस कुमार 18, निखिल राज 17, अतिरिक्त 51, समर आनंद 1/28,अरविंद कुमार 1/23, सूर्यम कुशवा 1/24, उत्कर्ष 2/29

एसपीसीए जूनियर इलेवन : 20 ओवर में 4 विकेट पर 89 रन, अरविंद कुमार 21, अतिरिक्त 35,निखिल राज 1/13, आदित्य यादव 2/18, अंकुर कुमार 1/16

आशीष कुमार चमके

वाईसीसी ग्राउंड पर खेले गए मैच में वाईसीसी ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाये। आशीष ने 61 और सार्थक राज ने 33 रन बनाये। जवाब में दीन दयाल क्रिकेट एकेडमी की टीम 19.3 ओवर में 142 रन पर ऑल आउट हो गई। आदविक त्रिपाठी ने 41 रन की पारी खेली। विजेता टीम के आशीष कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच क पुरस्कार कोन संतोष कुमार ने प्रदान किया।

वाईसीसी : 20 ओवर में 7 विकेट पर 187, आशीष कुमार 61,अंकुश राज 15, सार्थक राज नाबाद 33, सूरज नाबाद 13, अतिरिक्त 44, सत्यजीत 2/43, पीयूष 1/19, अंश राज 1/26, रजनीकांत 1/32

दीन दयाल त्रिकेट एकेडमी : 19.3 ओवर में 142 रन पर ऑल आउट, कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस जीत कर एसपीएस सीसीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 119 रन बनाये। जवाब में बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी की टीम 17.4 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी की ओर से उमंग राज ने 53 जबकि पुस्कर सोनी ने 35 रन बनाये। एसपीएस सीसीसी की ओर से स्पर्श ने 51 रन की पारी खेली।

एसपीएस सीसीसी : 19.4 ओवर में 114 रन पर ऑल आउट, स्पर्श 51,श्रिनिक 24,अतिरिक्त 15, रौनक 1/18, एच आलम 2/22, उमंग राज 2/19, पुस्कर सोनी 3/19

बिहार कैम्ब्रिज त्रिकेट एकेडमी : 17.4 ओवर में 115 रन, उमंग राज नाबाद 53,पुस्कर सोनी नाबाद 35,अतिरिक्त 21, अनिमेष 1/14, स्पर्श 1/17

कासा पिकोला कप अंडर–12 क्रिकेट

गौतम यादव 25,आदविक त्रिपाठी 41,सत्यजीत 22, अतिरिक्त 30, प्रिंस 2/10,सुरमोती 1/21, सक्षम 3/33,पुस्कर 2/21, अंकुश राज 1/12

उमंग राज का पचासा

कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस जीत कर एसपीएस सीसीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 119 रन बनाये। जवाब में बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी की टीम 17.4 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। बिहार कैम्ब्रिज क्रिकेट एकेडमी की ओर से उमंग राज ने 53 जबकि पुस्कर सोनी ने 35 रन बनाये। एसपीएस सीसीसी की ओर से स्पर्श ने 51 रन की पारी खेली।

एसपीएस सीसीसी : 19.4 ओवर में 114 रन पर ऑल आउट, स्पर्श 51,श्रिनिक 24,अतिरिक्त 15, रौनक 1/18, एच आलम 2/22, उमंग राज 2/19, पुस्कर सोनी 3/19

बिहार कैम्ब्रिज त्रिकेट एकेडमी : 17.4 ओवर में 115 रन, उमंग राज नाबाद 53,पुस्कर सोनी नाबाद 35,अतिरिक्त 21, अनिमेष 1/14, स्पर्श 1/17

आयुष बने मैन ऑफ द मैच

वाईसीसी ग्राउंड पर खेले गए मैच में टर्फ एरिना जूनियर ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 142 रन बनाये। सम्राट सिंह ने 50, आयुष ने 40 रन की पारी खेली। जवाब में एसकेपी जूनियर की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 117 रन ही बना सकी। वेदांत कुमार मन्नू ने 33 रन बनाये। विजेता टीम के आयुष (40 रन, 1 विकेट) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उदेश्य कुमार और समाजसेवी रंजीत कुमार ने प्रदान किया।

टर्फ एरिना जूनियर : 20 ओवर में 5 विकेट पर 142 रन. सम्राट सिंह 50. आयुष 40, अतिरिक्त 37, यश राज 3/19, आयुष 1/22, आदयंत सिंह 1/25

एसकेपी जूनियर इलेवन : 20 ओवर में 6 विकेट पर 117 रन, वेदांत कुमार मन्नू 33, आरव अमन 13, अवि नारायण 18, अतिरिक्त 34, प्रिंस 2/6, शौर्य सिन्हा 1/29, आदर्शन सिंह 2/14

गुजरात टाइटंस का लक्ष्य है टॉप दो में जगह बनाना

अहमदाबाद, 21 मई। गुजरात टाइटंस का लक्ष्य है कि टॉप–2 में अपना जगह बनायें और वह गुरुवार यानी 22 मई को लखनऊसुपर जायंटस के खिलाफ होने वाले मुकाबले में बुलंद हौसले के साथ उतरेगा। अब तक 12 मैच खेलकर गुजरात के 18 अंक बन चुके हैंऔर टीम प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है। उनके मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के भी 17 अंक है। यह मुकाबला काफी रोमांचक बन चुका है।

गुजरात ने सत्र 2025 में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। तीन शीर्ष बल्लेबाज बी साइ सुदर्शन, शुभमन गिल और जोश बटलर लगातार फॉर्म में हैं। ये तीनों गिलकर अब तक 16 अर्धशतक समेत एक शतक जमा चुके हैं। इनके दम पर टीम का मध्यक्रम अभिक जिम्मेदारी नहीं उठा रहा।

गुजरात के गेंदबाज भी अनुशासित हैं। प्रसिद्ध कृष्णा सबसे ज्यादा 21 विकेट ले चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर ने 15–15 विकेट हासिल किए हैं। कोंगसो स्वाइ प्रतिबंधित दवाओं के बाद निलंबन खत्म करके वापसी कर चुके हैं।

वहींलखनउकी टीम का प्रदर्शन कमजोर रहा है। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से हार के साथ उनके प्लेऑफ की उम्मीद भी टूटी। टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। चोटों और निरंतरता की कमी ने उन्हें परेशान किया है।

बल्लेबाजी में लखनऊका भरोसा विदेशी खिलाड़ियों पर है। मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम और निकोलस पूरन ही टीम को आगे बढ़ाते हैं। पंत पूरे सत्र नहीं चल सके और मध्यक्रम की नाकामी टीम की परेशानी बढ़ा रही है। नोटिल गेंदबाजों ने भी सहायता कम कर दी है। मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर हैंऔर मयंक यादव भी नहीं खेल पाए। आवेश खान और आकाश दीप फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं।

कप्तानरिषभपंत ने कहाकिशायद यह हमारा सबसे अच्छा सत्र हो सकता था, लेकिन चोटों ने हमें रोक दिया। लखनऊको अपने रास्ते सफल रिफार दिखेश राठी के बिना उतरना पड़ेगा। वह पहले दो 14 विकेट ले चुके हैं, लेकिन अब एक मैच के लिए निलंबित हैं।

टीमें:

गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, शेरफेन रदरफोर्ड, निशांत सिद्धू, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, आर साई किशोर, जयंत यादव, करीम जनत, बी साई सुदर्शन, तासुन शनाका, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर सिंह बरार, इशांत शर्मा, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया, रशिद खान।

लखनऊसुपरजाइंट्स: ऋषभ पंत, एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

मैच शाम 7-30 बजे शुरू होगा।

हरियाणा-दिल्ली ने जीता सेपक टकरा का स्वर्ण

दीव, 21 मई। हरियाणा और दिल्ली ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में क्रमशः महिला और पुरुष त्रिकोणीय टीम फाइनल में चारंपरिक सेपक टकरा की ताकतवर टीम मणिपुर पर शानदार जीत दर्ज की।

खूबसूरत घोघला बीच पर, दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक देखा गया। गहिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर जिसे भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है, की टीम के खिलाफ 2–1 से जीत हासिल की। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की असुआई में, हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम शांत सम्मान हासिल करने के लिए उत्साह और युवा जोश से भर गयी। मैच के बाद मोनिका ने कहा, दीव के लिए यह जीत हासिल करके और स्वर्ण पदक जीतकर मैं बहुत खुश हूं। हम जानते थे कि वे मजबूत हैं, लेकिन हमने अपना एकअवसर नहीं खोया।